वर्षः- 05
अंकः- 280
मुरादाबाद
(Monday)
02 February 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## जालंधर में PM मोदी बोलेः ये बजट, गरीब-अन्नदाता, युवाशक्ति और नारीशक्ति को सशक्त करने वाला बजट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पंजाब के जालंधर पहुंचे। वह यहां धार्मिक स्थल डेरा सचखंड बल्लां में नतमस्तक हुए। डेरा सच्चखंड बल्लां, जो गुरु रविदास जी महाराज की विचारधारा का प्रमुख और प्रभावशाली केंद्र है। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आदमपुर एयरपोर्ट का नाम महान संत श्री गुरु रविदास जी के नाम पर रखने का उद्घाटन किया। इस मौके पर डेरा सचखंड बल्लां सहित विभिन्न स्थानों से पहुंची संगत और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह

## 1 अप्रैल से बदलेगा आयकर कानून, आपकी कमाई व बचत पर क्या होगा असर






देखने को मिला। जैसे ही प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट के नए नाम का औपचारिक एलान किया, पूरा परिसर रविदास शक्ति के नारों से गूंज उठा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने हलवारा एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान लोगों को भी संबोधित किया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा मैं पंजाब की इस मिट्टी को नमन करता हूं। आज गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती का पावन अवसर है। मुझे इस पुण्य अवसर पर आप सभी के बीच आने का सौभाग्य मिला है। मैं आप सभी देशवासियों को संत रविदास जयंती और माघ पूर्णिमा की शुभकामनाएं देता हूं। मुझे सांसद के रूप में काशी की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। काशी के घाटों पर ही संत रविदास जी की शिक्षा प्रकट हुई थी। हम सभी उनसे बहुत प्रेरणा पाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा रिश्ता गुरु रविदास जी की जन्म भूमि काशी से है। मुझे वहां से आशीर्वाद मिला है। काशी करोड़ों लोगों की तीर्थ भूमि है। मैं श्री गोवर्धन जाता हूं तो पंजाब के काफी लोग मिलते हैं। मैं इस बार पंजाब आया हूं यह गुरु रविदासकी इच्छा है और मेरा सौभाग्य है कि मुझे निमंत्रण के लिए डेरा अभिनंदन है। प्रधानमंत्री ने आज पेश किए गए यूनियन बजट पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि पिछले 11 साल में बहुत सारी दवाएं सस्ती की गई हैं। गरीबों और बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की सुविधाएं दी गई हैं। इस बजट में इसी संवेदनशीलता के साथ और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। कैंसर के इलाज को और सस्ता करने के लिए अनेक कैंसर दवाओं को और सस्ता किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी का जीवन समरसता, समानता और सामाजिक न्याय का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने अपने विचारों से समाज को नई दिशा दी और भेदभाव के खिलाफ आवाज बुलंद की। आदमपुर एयरपोर्ट का नाम उनके नाम पर रखना, उनकी शिक्षाओं के प्रति सम्मान और आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों से जोड़ने का प्रयास है। इस अवसर पर पंजाब के सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, संत समाज, संगत और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। इसके अलावा वे लुधियाना के हलवारा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का वर्चुअल उद्घाटन भी करेंगे। सुरक्षा कारणों से प्रधानमंत्री के दौरे का पूरा कार्यक्रम सार्वजनिक नहीं किया गया है लेकिन सूत्रों के अनुसार पीएम डेरा सचखंड बल्लां में लगभग 40 मिनट रुकेंगे। इस दौरान वे डेरा सचखंड बल्लां के प्रमुख संत निरंजन दास से मुलाकात कर करेंगे। वह एक संक्षिप्त संबोधन भी दे सकते हैं। इस दौरान राज्यपाल, मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता भी डेरा बल्लां पहुंच सकते हैं। जालंधर नो फ्लाइंग जोन घोषित, डीजीपी ने लिया सुरक्षा का जायजा- प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा का कड़ा इंतजाम किया गया है। पंजाब पुलिस और एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) के जवान डेरा बल्लां में तैनात हैं। डीजीपी गौरव यादव ने जालंधर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सुरक्षा के मद्देनजर 30 जनवरी से 1 फरवरी तक जालंधर को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। इस अवधि में जिला सीमा के भीतर ड्रोन, हेलिकॉप्टर और अन्य नागरिक विमानन गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। जालंधर-पठानकोट हाईवे पर ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ?53.5 लाख करोड़ का बजट पेश किया है। इस बार के बजट में राजकोषीय घाटा 4.3त्न पर सीमित रखने का एलान किया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से नया इनकम टैक्स कानून लागू हो जाएगा। इससे अपनी जेब, बजार और अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ने वाला है-केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करते हुए %विकसित भारत की नींव को और मजबूत करने का रोडमैप साझा किया है। युवा शक्ति और आर्थिक स्थिरता पर केंद्रित इस बजट का कुल आकार लगभग 53.5 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। सरकार ने विकास की रफ्तार बनाए रखने के लिए बुनियादी ढांचे और मैन्युफैक्चरिंग पर सरकारी खजाना खोल दिया है, वहीं राजकोषीय अनुशासन को भी प्राथमिकता दी है। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है, जो चालू वित्त वर्ष के 4.4 प्रतिशत के संशोधित अनुमान से कम है।विदेश यात्रा और टैक्स फाइलिंग पर आम आदमी को बड़ी राहत - आम करदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देते हुए वित्त मंत्री ने विदेश यात्रा और शिक्षा को किफायती बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने विदेश यात्रा पैकेज की बिक्री पर टीसीएस की दर को 5 से 20 प्रतिशत के स्लैब से घटाकर सीधे 2 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया है। यही राहत लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) के तहत शिक्षा और चिकित्सा के लिए विदेश भेजे जाने वाले पैसे पर भी दी गई है, जहाँ अब टीसीएस की दर 2 प्रतिशत होगी। इसके अलावा, टैक्स फाइलिंग प्रक्रिया को लचीला बनाते हुए रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है। वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की है कि व्यापक समीक्षा के बाद तैयार किया गया %आयकर अधिनियम 2025% आगामी 1 अप्रैल 2026 से प्रभाव में आएगा।शेयर बाजार के ट्रेडर्स को झटका, F&O और बायबैक पर सख्ती - शेयर बाजार के निवेशकों और विशेषकर ट्रेडर्स के लिए बजट के प्रावधान थोड़े सख्त रहे हैं। सरकार ने डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग पर सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स में बढ़ोतरी की घोषणा की है। फ्यूचर्स पर एसटीटी को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत और ऑप्शंस पर 0.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही, कंपनियों द्वारा शेयरों के बायबैक से होने वाली आय को अब शेयरधारकों के हाथों में %कैपिटल गेन्स% माना जाएगा और उसी अनुसार टैक्स लगाया जाएगा। हालांकि, प्रमोटर्स द्वारा टैक्स आर्बिट्राज को रोकने के लिए उन पर अतिरिक्त बायबैक टैक्स लगाने का भी प्रावधान किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर सरकार का बड़ा बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 में पूंजीगत व्यय का लक्ष्य बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया है, जो पिछले बजट के 11.2 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से अधिक है। शहरी विकास और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए देश के प्रमुख शहरों के बीच 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव है, जिसमें मुंबई-पुणे और दिल्ली-वाराणसी जैसे रूट शामिल हैं। इसके अलावा, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में जोखिम कम करने के लिए एक इंफ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड स्थापित किया जाएगा और शहरों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए सिटी इकोनॉमिक रीजन्स की मैपिंग की जाएगी। उद्योग और इनोवेशन के लिए रिफॉर्म एक्सप्रे - औद्योगिक विकास और इनोवेशन के लिए सरकार ने %रिफॉर्म एक्सप्रेस% के तहत कई बड़ी घोषणाएं की हैं। भारत को बायो-फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के लिए बायो-फार्मा शक्ति योजना और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए %इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0% का ऐलान किया गया है। एमएसएमई सेक्टर को मदद देने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का एक समर्पित सएमई ग्रोथ फंड% बनाया जाएगा

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम योगी ने फिर दी चेतावनी, विभाजनकारी ताकतें बांटेंगी, लेकिन उन्हें सिर नहीं उठाने देना

संत रविदास की 649वीं जयंती पर आयोजित उत्सव में सीएम योगी शामिल हुए। उन्होंने एक बार फिर से समाज बांटने वाले लोगों को निशाने पर रखा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बाराबिरवा, कानपुर रोड स्थित संत रविदास मठ में संत रविदास जी की प्रतिमा व सभागार का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास का प्रकटीकरण 649 वर्ष पहले काशी के सीर गोवर्धन में हुआ था। इतने वर्षों के बाद भी उनकी दिव्य आभा से आलोकित होकर यह समाज 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण की दिशा में बढ़ रहा है। संत रविदास का जब धराधाम पर प्रकटीकरण पर हुआ, तब देश विदेशी आक्रांताओं से त्रस्त था। उन्होंने उस समय भी साधना की पवित्रता और उसे कर्म की साधना के रूप में बदलने का कार्य किया था। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को वैष्णव परंपरा के अनुरूप जिस उपासना के लिए प्रेरित किया, वह जीवन में कर्म की प्रधानता, मन की शुद्धता को महत्व देता है और लोककल्याण के प्रति आग्रही बनाता है।सीएम योगी ने संत रविदास के वक्तव्य 'मन चंगा तो कठौती में चंगा' का जिक्र किया और कहा कि सब कुछ कर्म पर निर्भर करता है। अच्छा और बुरा कर्म करेंगे तो बुरा फल पाएंगे। संत रामानंद से दीक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने कर्म साधना के माध्यम से लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।

## केंद्रीय बजट पर अखिलेश यादव हुए हमलावर, कहा- बजट में न आम आदमी का जिक्र है और न फिक्र



संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस भाजपाई बजट का परिणाम है कि बजट आते ही शेयर बाजार धड़ाम हो गया। केंद्रीय बजट प्रस्तुत होने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपाई बजट आते ही शेयर बाजार धड़ाम हो गया। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि सवाल ये नहीं है कि शेयर बाज़ार रविवार को खुलेगा, सवाल ये है कि और कितना गिरेगा। - जब भाजपा सरकार से कोई उम्मीद नहीं है, तो उसके बजट से क्या होगी। - हम तो भाजपा के हर बजट को 1/20 (एक बंटे बीस) का बजट मानते हैं क्योंकि वो 5त्न लोगों के लिए होता है।
- भाजपा का बजट, अपने कमीशन और अपने लोगों को सेट करने का बजट होता है। - भाजपा का बजट, भाजपाई भ्रष्टाचार की अदृश्य खाता-बही होता है। - इस बजट में न आम जनता का जिक्र है न फ़िक्र। - महंगाई बेतहाशा बढ़ने पर भी इस बजट में जनता को टैक्स में छूट न देना, 'टैक्स-शोषण' है। - अमीरों के काम-कारोबार और घूमने-फिरने पर दस तरह की छूटें दी गईं हैं लेकिन बेकारी-बेरोज़गारी से जूझ रहे लोगों की उम्मीदों की थाली, खाली है। निराशाजनक, निंदनीय बजट! वित्त मंत्री ने पेश किया बजट- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय वर्ष 2014-15 में 2 लाख करोड़ से बढ़कर 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ के आवंटन तक पहुंच गया है। वर्ष 2026-27 में इस गति को बनाए रखने के लिए मैं इसे बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ करने का प्रस्ताव रखती हूं। अवसंरचना विकास और निर्माण चरण के दौरान जोखिमों को लेकर निजी डेवलपर्स का विश्वास मजबूत करने के लिए, मैं एक इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड स्थापित करने का प्रस्ताव रखती हूं, जो ऋणदाताओं को आंशिक क्रेडिट गारंटी प्रदान करेगा। वहीं 2026-27 में ऋण-से-जीडीपी औसत, जीडीपी का 55.6त्न रहने का अनुमान है। यह पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 56.1त्न था। जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रहेगा राजकोषीय घाटा, बजट 2026-27 का अनुमान। यह वित्त वर्ष 2025-26 में 4.4त्न था 2026-27 में 36.5 लाख करोड़ गैर-ऋण प्राप्तियों का बजट में अनुमान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में बताया कि किसानों-पशुपालकों और ग्रामीणों के लिए बजट में क्या-क्या योजनाएं हैं। छोटे और सीमांत किसानों की आय में इजाफा लाने पर जोर। तमाम मौकों के जरिए दिव्यांगों के सशक्तीकरण पर फोकस। मत्स्य पालन के लिए 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का एकीकृत विकास किया जाएगा। तटीय क्षेत्रों में फिशरीज वैल्यू चेन मजबूत की जाएंगी। स्टार्टअप और महिलाओं की अगुवाई वाले समूह बाजार से जुड़ेंगे। पशुपालन क्षेत्र के लिए लोन-आधारित सब्सिडी कार्यक्रम शुरू होंगे। पुशधन उद्यमों का संवर्धन और आधुनिकीकरण होगा। पशुधन किसान उत्पादक संगठनों को बढ़ावा दिया जाएगा। तटीय इलाकों में नारियल, चंदन, काजू जैसी फसलों को सहायता दी जाएगी। नारियल उत्पादन में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए नारियल संवर्धन योजना लाई जाएगी। भारतीय काजू और कोको के लिए समर्पित कार्यक्रम लाए जाएंगे। इन्हें वैश्विक ब्रांड बनाने का काम किया जाएगा। भारतीय चंदन लकड़ी की गरिमा को पुनर्स्थापित करने के लिए राज्यों से सहयोग किया जाएगा। अखरोट, बादाम की पैदावार बढ़ाने के लिए भी विशेष कार्यक्रम शुरू होगा। एआई टूल-भारत-VISTAAR कार्यक्रम की शुरुआत होगी। यह बहुभाषी एआई टूल किसानों को बेहतर फैसले लेने में मदद करेगा, जिससे उनकी उत्पादकता बढ़ेगी।

## राकेश टिकैत बोले- दिल्ली के कागजों में ही बजट अच्छा, किसानों की ये मांग नहीं की पूरी



भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि किसान सम्मान निधि 12,000 रुपये किए जाने की मांग थी, लेकिन वह पूरी नहीं की गई। प्राइवेट स्कूलों को भी बजट में बढ़ावा दिया गया है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने आम बजट पर अपनी गहरी निराशा व्यक्त की है। उनका कहना है कि किसानों को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन उनकी अपेक्षाएं पूरी नहीं हुईं। टिकैत ने विशेष रूप से पहाड़ी राज्यों की कुछ फसलों के उल्लेख पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि अखरोट और चंदन जैसी विशिष्ट फसलों के किसानों को इससे कितना लाभ मिलेगा।एमएसपी गारंटी कानून और किसान सम्मान निधि पर चिंता टिकैत ने इस बात पर भी चिंता जताई कि किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गारंटी कानून की प्रमुख मांग को बजट में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 12,000 रुपये किए जाने की उम्मीद थी, जो इस बजट में दिखाई नहीं दी। यह किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता होती, जिसकी कमी उन्हें खलेगी।जमीनी हकीकत और सरकारी दावों में अंतर- भाकियू नेता ने बजट के प्रभावी होने पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि भले ही दिल्ली के कागजों में यह बजट अच्छा लगे, लेकिन जमीनी हकीकत में इसका कितना असर होगा, यह देखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके वास्तविक लाभों पर प्रश्नचिन्ह लगाया। शिक्षा नीति पर भी उठाए सवाल- टिकैत ने बजट में निजी स्कूलों को बढ़ावा देने की बात पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इससे सरकारी स्कूलों के बंद होने का खतरा बढ़ सकता है, जिसका सीधा और नकारात्मक प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों पर पड़ेगा। यह मुद्दा ग्रामीण शिक्षा प्रणाली की मजबूती को लेकर नई चिंताएं पैदा करता है।

## संपादकीय Editorial

# The Boots of Tourism

The vulgarity of tourism and the filth that permeates Himachal's image cannot be ignored. Social media often creates ruins. Himachal has much that delights and excites. Every season here transforms the heart. For example, the current surge of tourism in the presence of snow cannot be allowed to be tolerated. Sweeping the snow is not tourism, nor is playing with vehicles a mountain companion. The scenes are horrifying when tourists bathing in the snow on the ridge unzip their sleeves or a woman disturbs the atmosphere of Manali by stripping naked. The snow has become deaf in the commotion, and we cannot hear nature singing. The slightest invitation of nature's touch is like a springtime blessing, but overexploitation of tourism has robbed us of our originality. Himachal certainly enjoys the charm of seasonal tourism, but it becomes a short-lived moonlight, dwarfing the state's vitality. How can we preserve and showcase what can be seen in the face of such tourism? It is also a civic responsibility to cherish tourism within nature's creation. The people of the Sissu-Koksar region of Lahaul-Spiti deserve praise for upholding the sanctity of their Halda festival by imposing a complete ban on tourism activities for 40 days. This is also because the Atal Tunnel has turned tourism into a river, and if the citizens of Sissu hadn't protected the essence of the mountain between invitation and tradition, tourists' boots would have trampled anything and everything. This is what has been destroyed in this snowfall. After all, snow doesn't come only for tourism. It comes to showcase the mountains in their generosity. It brings confidence to agriculture, fruit production, and the flow of rivers. Therefore, tourism cannot have a right to every snowflake. Similarly, it is a crime to flood social media with every piece of natural activity or natural beauty. If a woman from outside came to Manali and, forgetting public etiquette, danced nude indecently, it would attract a terrible amount of tourism.

Even now, the mere mention of Malana Cream in international circles turns Himachal into a drug hub. Gradually, some areas of Himachal have become infamous for advertising secret parties. After all, how much and what kind of tourism does Himachal, with a population of 7 million, a hill state, traditional, tribal, and inspired by unique values, need? Do we need tourist families, the young generation of the corporate world, rowdy youth, or tourists with the audacity to make reels? Our tourism campaign is not complete with the tourist season, nor with snowfall, nor with winter travel. Who will tell those who trample the snows of Dalhousie about Chamba's thousand-year-old heritage? Who will open the windows of memories of the British period beyond the snowfall in Shimla? Who will take Kangra's tourist season to Masroor, Kangra Fort, or the historic grounds of Sujanpur? If the current government is making Kangra the capital of tourism, then first of all, to make it the capital of tourists, we will have to create many such circuits on the lines of Rajasthan, Karnataka, Maharashtra, Kerala, Odisha, Gujarat and West Bengal states, which can connect every day of the year with the etiquette of tourist attraction. For better tourism, we have the challenge of developing a strong tourism culture with patience and goodwill along with all the hotel and restaurant businessmen and taxi and bus operators, which will keep beautifying the state with their own hands, otherwise, considering the crowd as tourists, we will give them the freedom to trample all the roads with their shoes.

# Are you narcissistic? Showing responsibility can improve relationships.

Decades ago, the term narcissism was rarely used outside of clinical settings and research rooms. But today, it has become a general term for a variety of disturbing Zigler-Hill, a professor at University in that a narcissist is has a strong desire and different. arrogant, self- seek admiration, necessarily mean narcissistic disorder (NPD). condition with diagnostic criteria, persistent sense of a lack of empathy constant need for Experts explain is not just a mental personality trait different people. exist about First, those with extremely



unpleasant or behaviors. Virgil psychology Oakland Michigan, says someone who to feel special Some people are centered, and but this does not they have personality NPD is a serious specific such as a self-importance, for others, and a admiration. that narcissism disorder, but a that can vary in Many myths narcissism. NPD are harmful.

Second, not all narcissists are the same. Agentic narcissists are self-confident and ambitious. Neurotic narcissists constantly seek validation and feel insecure when criticized. Antagonistic narcissists are competitive and sometimes condescending. Professor Ulrich Orth at the University of Bern says that narcissism is not a static trait. It gradually diminishes with adulthood, as empathy increases as we grow older. Dr. Ziegler-Hill says that people with agentic or antagonistic narcissistic tendencies often shy away from seeking help because they don't feel the need for it or view treatment as a sign of weakness. She says that when parents over-do one child, the other child is more likely to develop narcissistic traits. To determine whether a person is a narcissist, you can try talking to them about their feelings in a calm environment. Dr. Durvasula calls this "going into the lion's cage." She says that when narcissists show responsibility, relationship improvement and personal growth are possible. You can talk to them about whether they are narcissistic or not in a calm environment, but it can also be like going into the lion's cage.

# Mark Tully's vision of India: His journey to bring the culture rooted in Hindi to the global stage

The work done by Anand Kumar Swami before independence to bring global recognition to Indian arts and the profound Indian vision embedded within them was carried forward by Mark Tully after independence. Mark Tully was a Hindi proponent. He had a deep faith in Indian culture, traditions, and the people rooted in its diversity. Therefore, he worked to bring Indianness to the global stage by experiencing it in its true perspective. He wrote in English, but his writings were imbued with the essence of Hindi and the thinking of the majority of the people. In his writings and speeches, he repeatedly emphasized that this country's weakness lies in its inferiority complex towards Hindi. However, this language is powerful. Therefore, he wrote in one place: "Initially, British diplomats always prioritized the services of English. However, seeing the effectiveness of Hindi, no one could ignore it." He was born in Tollygunge, Kolkata. As a child, he tried to learn Hindi, but was prevented from doing so. Later, when he entered journalism, he realized that understanding Hindi was essential to credibly present India to the world through radio. Therefore, he learned Hindi by reading newspapers and constantly listened to the Hindi presentations of his writings on the BBC. Therefore, it's no mistake to say that his journalism wasn't merely about providing information or an agitated way of presenting it. He would indirectly connect listeners with the Indian intellectual heritage associated with even the biggest news in a very measured and restrained manner. Instead of relying on the English-medium understanding of journalism, he presented it clearly and systematically, keeping in mind the thinking of the people living in India. I also believe that the work done by Anand Kumar Swami before independence to bring global recognition to Indian arts and the profound Indian perspective embedded within them was carried forward by Mark Tully after independence. He was the one who credibly presented India to the world in its diversity, its sublime vision, and its inherent richness. Listening to him and later reading his experiential books on India has been enjoyable because there's no insistence on establishing one's own journalism. For example, his books, "India in Slow Motion" and "No Full Stops in India," clearly highlight that in the name of Western thinking, modernity, development, and reform, the elite here doesn't want the country to remain connected to its language, traditions, and culture. However, the public here is not stagnant. This country is so liberal and open that it constantly renews itself. It's no coincidence that Anand Kumar Swami once said, regarding the arts and the Indian perspective, that innovation in India lies not in creating newness, but in being new. Mark Tully understood and evaluated India from this perspective. Therefore, in his speeches and writings, he repeatedly expresses concern and anguish that India's excessive fascination with the English language is preventing it from progressing towards full development through its traditions and culture. Kenyan novelist, playwright, and essayist Ngugi wa Thiong'o wrote in English. His pen name was once James Ngugi. However, after a long time, when he realized how tragic it was to be separated from one's own language, he not only began writing in his mother tongue, Gikuyu, but also changed his name. He then wrote in his experiences, "If you want to seize a country, you must seize its language. Language is the primary means by which colonial power imprisons the soul." Mark Tully probably understood this, which is why he learned Hindi for journalism. His reporting was rooted in Western thinking and not a captive of colonial power. He possessed an Indian perspective, and he was confident that India, with its unity in diversity, would continue to progress towards development. However, he also clearly stated that one of the major obstacles to development was the bureaucratic system of British rule, which still persists here. Once I spoke with him, I became deeply acquainted with him and aroused a curiosity to learn more. I remember having many conversations with him in Hindi. His remark, "It's a shame for this country that whenever I try to speak to someone in Hindi, they respond in English," still lingers in my mind. Mark Tully had a deep affection for India, both because he believed he received immense love in India and because he believed India had made him. He repeatedly lamented that India was fortunate to have accepted him. He was deeply pained by Hindi speakers' self-image as inferior. That's why he constantly said, "Hindi speakers should build their self-confidence. The plight of Hindi is a testament to this country's weakness. People still don't respect Indian culture in governance. English remains a foundation here. That's why India hasn't fully realized its potential." He also said that China has made a lot of progress, but comparing China and India is wrong. There has been a lot of oppression in China. Except during the Emergency, human values ??have never been violated in India. India is a democracy, and therefore, India should not be compared to Britain, America, or any other European country. India has its own unique identity. This fundamental vision of India and Indianness is the hallmark of Mark Tully. He was not from India, but we will always be indebted to him for his understanding of India in its true form, and for the way he presented this country to the world in the light of its noble traditions and culture.

# सुबह बादल व कोहरा, दोपहर बाद सूरज ने बादलों की ओट से झांका

मुरादाबाद । शनिवार को दिन की शुरुआत बादलों के साथ हुई, जिससे पूरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हो सके। बादलों की आवाजाही से बारिश की संभावना बनी रही। ठंडी हवा ने ठिठुरन को और बढ़ा दिया। हालांकि, दोपहर बाद तीन बजे के करीब सूरज ने बादलों की ओट से झांका। सुबह और दोपहर के समय मौसम पूरी तरह बदला रहा। धूप न निकलने के कारण सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर हलचल अपेक्षाकृत कम दिखाई दी। लोग जरूरी कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकले। मौसम की इस बेरुखी का असर बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष रूप से रहा, जिन्हें ठंडी हवा से बचाव के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ी। दोपहर करीब तीन बजे के बाद धूप निकली, जो राहत देने में नाकाफी रही। वातावरण में ठंडक बनी रही और शाम होते-होते फिर से सिहरन बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कभी तेज धूप निकलती है तो कभी अचानक बादल छा जाते हैं, कहीं हल्की बारिश हो तो कहीं ठंडी हवा चलने से लोग परेशान हैं। इस अनिश्चितता ने लोगों की दिनचर्या को भी प्रभावित किया है। लोग मौसम को देखकर अपने कामकाज की योजना बना रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी बदलावों के कारण इस तरह की स्थिति बनी हुई है। आने वाले दिनों में भी मौसम के इसी तरह बदलते रहने की संभावना जताई जा रही है।



## रामपुर में दवा से लदा कैंटर गलत दिशा से आ रही बैलगाड़ी पर पलटा, चार बैलों की मौत, हाईवे पर लगा जाम

दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर दवाइयों से लदा कैंटर गलत साइड से आ रही बैलगाड़ी पर पलट गया। इसमें चार बैलों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक-परिचालक फरार हो गए। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर रविवार तड़के दवा से लदा कैंटर गलत साइड से आ रही बैलगाड़ी पर पलट गया। इसमें चार बैलों के दबने से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत का कार्य किया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को एक साइड में लगाया गया है।यह हादसा सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रिवर साइड इन होटल के सामने का है। दवाइयों से लदा एक कैंटर रॉग साइड से आ रही बैलगाड़ी पर पलट गया। इस दुर्घटना में कैंटर के नीचे दबकर चार बैलों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कैंटर चालक-परिचालक और बैलगाड़ी चालक-परिचालक मौके से फरार हो गए।सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बैलों को निकालने के लिए दमकल टीम और दो हाइड्रा मशीनें बुलाई गईं। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कैंटर को हटाया जा सका। सिविल लाइन इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर बैलों को रेस्क्यू किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने यह भी बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी को कई बार फोन किया गया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पुलिस फरार कैंटर चालक-परिचालक और दोनों बैलगाड़ी चालक-परिचालकों की तलाश कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कैंटर चालक पानीपत का निवासी बताया जा रहा है। कैंटर हिमाचल के पोटा से पश्चिम बंगाल के गुवाहाटी जा रहा था।



## रामपुर शहर में साढ़े आठ करोड़ की लागत से 11 सड़कों का होगा निर्माण

शहर विधानसभा क्षेत्र में सालों से जर्जर और कच्ची सड़कों की समस्या से जूझ रहे लोगों को जल्द ही बेहतर सड़कें मिलने वाली हैं। शासन ने नगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक आकाश सक्सेना द्वारा दिए 11 सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई है। इन सड़कों के निर्माण पर करीब साढ़े आठ करोड़ रुपये की धनराशि खर्च होगी। शहर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में सड़कों की स्थिति काफी खराब है।



जर्जर सड़कों की वजह से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें होती हैं। आए दिन हादसे हो जाते हैं, जिस कारण लोगों को चोट आदि लग जाती है। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मांग करते हुए जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने एवं कच्ची सड़कों का निर्माण कराने की मांग की थी, जिसके बाद विधायक ने सड़कों के प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग के माध्यम से शासन को भिजवा दिए थे। शासन ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसके अनुसार क्षेत्र की 11 सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य होगा। जिस पर करीब साढ़े आठ करोड़ रूपये की लागत आएगी। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड गौरव ने बताया कि अब टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि सड़कें लंबे समय तक टिकाऊ रहें।इन सड़कों का होगा निर्माण 1. भमरौआ मंदिर मार्ग का निर्माण एवं चौड़ीकरण - 3.59 करोड़ 2. चिकटी रामनगर रोड से चिकना संपर्क मार्ग का नव निर्माण - 1.03 करोड़ 3. आगापुर रोड से लक्ष्मीनगर मार्ग तक नव निर्माण - 1.12 करोड़ 4. शिव मंदिर पंजाबनगर से विजईया तक मार्ग का नव निर्माण - 92.12 लाख 5. रामपुर शाहबाद मार्ग से पटवाई जौलपुर वाया नईमगंज मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य - 20.30 लाख 6. रामपुर शाहबाद मार्ग से बकैनिया मिश्रिनगर मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य - 24.35 लाख 7. रामपुर शाहबाद मार्ग से नारायणपुर मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य - 10.75 लाख 8. पंजाबनगर जौलपुर मार्ग से मिलक निब्बी सिंह शिव मंदिर मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य - 31.77 लाख 9. पंजाबनगर जौलपुर मार्ग से विजईया पर सीसी का कार्य - 30.07 लाख 10. पंजाबनगर जौलपुर मार्ग से रसूलपुर मार्ग पर पीसी एवं सीसी का कार्य - 32.15 लाख 11. बीसरा मंढोली मार्ग पर शेष भाग का कार्य - 32.07 लाख

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649 वीं जयंती मनाई

क्यूँ न लिखूँ सच/आज जिला रामपुर के विधानसभा स्वार टांडा 34 में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649 वीं जयंती मनाई आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारीओ ने मुख्य अतिथि रहे राजू सागर पूर्व जिला प्रभारी मिशन 2027 विधानसभा स्वार टांडा 34 राजू सागर जी ने गुरु रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला रविदास जी ने कहा था ऐसा चाहूं राज में मिले सवन्नू अन्न छोटे बड़े सब संग बसे हो रविदास प्रसन्न राजू सागर जी ने अपने विचार रखते हुए कहा की आजाद समाज पार्टी संतो गुरुओं महापुरुषों का सपना पूरा करेगी

स्थानीय लोगों से कहा की आजाद समाज पार्टी को मजबूत करें आने वाला 2027 का विधानसभा चुनाव जिताकर बड़े भाई एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे दलित मुस्लिम पिछड़ों का भाईचारा बनाकर उत्तर प्रदेश में इस मौके पर उपस्थित रहे जिला उपाध्यक्ष अली पाशा जिला संगठन मंत्री कृष्ण पाल जी युवा मोर्चा जिला प्रभारी गोविंद सागर जी जिला मीडिया प्रभारी चमन जाटव संगठन सचिव रवि शंकर जी विधानसभा अध्यक्ष सुनील सागर जी वार्ड नंबर 9 से संभावित जिला पंचायत प्रत्याशी मुशाहिद खान जी वार्ड नंबर 7 से अलीम खान जी श्रीपाल जी विपिन सागर मुर्तजा स्थानीय लोग मौजूद रहे



## ईओ के न होने से मसवासी में विकास कार्य ठप, गंदगी के लगे अंबार

क्यूँ न लिखूँ सच/ रामपुर। मसवासी नगर पंचायत में बीते लगभग एक माह से ईओ के न होने के कारण विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। ईओ के अभाव में न केवल प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि सफाई व्यवस्था भी चौपट पड़ी है। जिससे आम जनता को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।नगरवासियों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के लिए कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वहीं नगर की सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा गई है। गली-मोहल्लों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं तथा नाले-नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।इस स्थिति को लेकर नगर के वार्ड संख्या चार के सभासद अनिल कुमार ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगर पंचायत मसवासी में शीघ्र अधिशासी अधिकारी की तैनाती कराने की मांग की है। नगरवासियों ने भी प्रशासन से जल्द से जल्द ईओ की नियुक्ति कराकर विकास एवं सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने की मांग की है। एडीएम एफआर संदीप वर्मा ने बताया कि ईओ सचिन कुमार अवकाश पर हैं। नए ईओ की तैनाती के लिए शासन को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात में काम कर रहे नरपतनगर के कारीगरों में दहशत

